आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में जुड़ रहा क्रांतिकारी अध्याय।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अनुसार हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौतों से किसानों व बागवानों की आर्थिकी होगी प्रभावित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा—आरडीजी के बहाने पूर्व भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री को कोसने का काम कर रही है, सुक्खू सरकार।
- कांग्रेस का आरोप—आरडीजी का विरोध करने पर भाजपा का असली चेहरा हुआ बेनकाब।
- प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक कल नई दिल्ली में होगी आयोजित—आरडीजी सहित अन्य मामलों पर होगी चर्चा।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस—एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा है कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्‌घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

*एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटीरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रेटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका अर्थ है नैतिक और सैद्धांतिक प्रणाली, जवाबदेह शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, सुलभ और समावेशी, वैध और न्यायसंगत।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते हिमाचल प्रदेश और जम्मू—कश्मीर के किसानों व बागवानों पर गंभीर प्रभाव डालेंगे। श्रीनगर में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन समझौतों के कारण सेब, अखरोट, बादाम और अन्य फलों का आयात विदेशों से बढ़ेगा, जिससे स्थानीय किसानों और बागवानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी नीतियों के प्रतिकूल प्रभाव आने वाले वर्षों में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल व जम्मू—कश्मीर के लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि और बागवानी पर निर्भर हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में सेब बागवानी से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने न्यूज़ीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनके तहत सेब व सूखे मेवों पर आयात शुल्क में कमी की गई है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार आरडीजी के बहाने केवल पूर्व भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोसने का काम कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद होने के मुददे पर सरकार अपना पक्ष सही तरीके से नहीं रख पाई और सदन में भी मुख्यमंत्री ने गलत तथ्य पेश किए। जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल के लिए भरपूर आर्थिक मदद प्रदान कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ खड़ी है और प्रदेश हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक भाषणों से आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं होगा इसके लिए ठोस नीति और वित्तीय अनुशासन आवश्यक है।

कांग्रेस

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन मंत्री चौहान और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि विधानसभा में आरडीजी बहाल करने के लिए नियम 102 के तहत लाए गए सरकारी प्रस्ताव का विरोध कर भाजपा का असली चहेरा बेनकाब हो गया है। एक बयान में इन नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार का विरोध करते–करते भाजपा नेतृत्व प्रदेश के लोगों के हितों को भी भूल चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्रीय योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि को आर्थिक मदद के रूप में गिना रही है जबकि ये प्रदेश की जनता का अधिकार है। हर्षवर्धन चौहान और राजेश धर्माणी ने भाजपा नेताओं से पूछा कि प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी आरडीजी बंद करने के पक्ष में हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि आरडीजी हिमाचल प्रदेश का संवैधानिक अधिकार है जिसका प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 275–1 में किया गया है।

कांग्रेस बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य कल 20 फरवरी को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल, सहप्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश की ताजा राजनीति के साथ–साथ संगठन के गठन को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के निर्णय से उत्पन्न स्थिति के बारे में भी केन्द्रीय आलाकमान को अवगत करवाया जाएगा। विनय कुमार ने बताया कि आर.डी.जी. के फैसले के खिलाफ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से मिलने का समय भी मांगा जाएगा।

चित्र प्रदर्शनी

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो शिमला द्वारा सोलन जिले के कुनिहार स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय विकसित चित्र प्रदर्शनी व जन सूचना अभियान आज सम्पन्न हुआ। स्कूल के प्राचार्य कृष्ण कुमार यादव ने इसका शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को चंद्रयान मिशन की सफलता से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक देश की उपलब्धियों से रूबरू होने का मौका मिला। पत्र सूचना कार्यालय शिमला के सहायक निदेशक संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी को देश की गौरवशाली उपलब्धियों और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।